हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 31 दिसंबर 2023

06 जैन मुनियों पर अभद्र टिप्पणी करने पर जैन समाज में ...



07 कागजों में चल रही शासन की महत्वपूर्ण योजना...





## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 3562 | 3565 |
| गेहूं 1544 | 2280 | 2940 |
| चना | 4800 | 5420 |
| मसूर | 5351 | 5351 |
| सोयाबीन | 3000 | 4745 |
| सरसों | 5490 | 5490 |
| धान | 1800 | 4240 |
| मूंग | 0000 | 0000 |
| तेवड़ा | 4041 | 4120 |
| धनिया | 5920 | 5920 |
| मक्का | 0000 | 0000 |

## खबर संक्षेप

### नेमा समाज कार्यकारिणी का शपथ समारोह आज

**विदिशा।** रविवार दोपहर 12 बजे विनायक बैंक्यूट हॉल में नेमा समाज की कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह होगा। समारोह में नवनिर्वाचित विधायक मुकेश टंडन भी शामिल होंगे। शपथ विधि उपरांत नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोविन्द नेमा द्वारा समाज के वृद्ध जनों का सम्मान कर अपने कार्यकाल की प्रथम सेवागतिविधि संपन्न की जाएगी।

### सेवानिवृत्त होने पर शिक्षिका का सम्मान

**विदिशा।** शासकीय प्राथमिक शाला तोपपुरा से वरिष्ठ शिक्षिका हेमलता चौहान सेवानिवृत हुईं। उनके विदाई समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी जीपी राठी, बीआरसी बलभद्र मीणा, हाई स्कूल चौपड़ा प्राचार्य लिली जैन, वार्ड पार्षद नवीन दांगी, जन शिक्षक चंद्र प्रकाश शर्मा, नवीन रघुवंशी उपस्थित हुए। मप्र राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष हरि सिंह चौहान प्रेमनारायण चिड़ार, रामबाबू विश्वकर्मा ने उनका सम्मान किया। इस दौरान संस्था प्रभारी उमराव सिंह कुशवाह, आशा व्यास, सविता शुक्ला, राखी राय, गरिमा सैनी भी शामिल रहे।

### फ्री स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कैंप लगाया

**विदिशा।** फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा विदिशा के दो गांव प्रथम गांव टपरा पठारी, द्वितीय गांव अहमदपुर में फ्री स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कैंप लगाया गया। जिसमे ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। जिसमें उनकी शुगर की जांच , वजन की जांच , बीपी की जांच , एनीमिया की जांच एवं दर्द और कमजोरी की दवाइयां निशुल्क प्रदान की गई। विशेष रूप से फिनकेअर बैंक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं घर घर तक उपलब्ध कराना है। इस दौरान बैंक मैनेजर अभिषेक मिश्रा, अनिकेत मौजूद थे।

### मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का स्वागत

**ग्यारसपुर।** भोपाल से सागर जाते समय औलिजा के वैष्णव फैमिली रेस्टोरेंट मेंन रोड पर कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का प्रथम आगमन पर सागर जाते समय फूल मालाओं से स्वागत किया गया। किसान मोर्चा के जिला प्रभारी रणधीर सिंह मीणा द्वारा स्वागत किया गया। वहीं ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव के द्वारा ग्यारसपुर की धरोहर विश्व सुंदरी शालभांजिका की कलाकृति भेंट की गई। कार्यक्रम में सरपंच राजू कुशवाह, सचिव नरसिंहदास बैरागी सहित दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रों को कराया भ्रमण

**विदिशा।** उत्कृष्ट विद्यालय के छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण में भोपाल इंजीनियरिंग कॉलेज का भ्रमण किया। प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय के सिंह के मार्गदर्शन में कक्षा 12वीं के समस्त छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण के साथ सांची का स्तूप और उसकी सांची के बारे में गाइड किया। इंजीनियरिंग कॉलेज में एलएलबी के और इंजीनियरिंग फैकेल्टी के शिक्षकों द्वारा छात्राओं को भविष्य के प्रति जागरूक रहने के लिए उत्साह किया।

## छाया घना कोहरा: सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठंड, जल उठे अलाव



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** शहर में लगातार दूसरे दिन भी घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के साथ बर्फीली हवाएं चलने से लोगों को कड़ाके की ठंड का एहसास हुआ। ठंड और घने कोहरे के बीच लोगों की दिनचर्या प्रभावित रही। ठंड से राहत के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लेना शुरू कर दिया है। घने कोहरे की वजह से विजुअलिटी में 50 से 70 मी रही। जिससे सुबह के समय गाड़ियों की रफ्तार धीमी रही। सर्द हवाएं चलने से दिन में भी ठंड का एहसास बना हुआ है। शहर में रात का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री तक पहुंच गया है। शनिवार को उच्चतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं मौसम विभाग ने दिन के तापमान में गिरावट और रात की तापमान बढ़ने की संभावना जताई है। आगे और ठंडक बढ़ने की संभावना व्यक्त की है।

## पुलिस ने 70 मोबाइल खोजे एसपी दीपक शुक्ला ने लौटाए



विदिशा। मोबाइल फोन मालिकों को उनके फोन वापस देते एसपी दीपक शुक्ला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पुलिस ने मोबाइल गुमने संबंधी मामलों में कार्रवाई करते हुए करीब 70 मोबाइल खोज निकाले। जिन्हे शनिवार को उनके मालिकों को वापस लौटाया गया।

सायबर सेल विदिशा की मदद से इन सभी मोबाइलों को खोजा गया। सायबर सेल विदिशा द्वारा कुल 70 मोबाइल फोन खोजे गए हैं। इन मोबाइल की कुल कीमत करीब 9 लाख 20 हजार 301 रुपए के करीब हैं। सभी मोबाइल फोन एसपी विदिशा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिशा द्वारा मालिकों को वितरित किए गए। सायबर सेल विदिशा द्वारा विदिशा जिले के अतिरिक्त भोपाल, अशोकनगर, सागर, रायसेन एवं मथुरा उप्र से भी मोबाइल फोनों को खोजकर संबंधित मोबाइल फोन मालिकों को वितरित किए गए हैं। 10 जुलाई को कुल 50 मोबाइल कीमत करीब 6 लाख 69 हजार 661 रुपए के वितरित किए जा चुके हैं।

### शिविर में 50 मरीजों ने कराई जांच, चार जनवरी तक चलेगा

**विदिशा।** संत हिरदाराम सिंधु सेवा ट्रस्ट एवं पूज्य सिंधी पंचायत विदिशा के तत्वावधान में 6 दिवसीय एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, सुजोक, मेगनेट एवं बाईब्रेशन स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में पहले दिन शनिवार को 50 लोगों ने अपना पंजीयण करवाकर एक्यूप्रेशर थेरेपी सहित अन्य थैरेपी के जरिए इलाज करवाकर स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में मधुमेह, मोटापा, ब्लड प्रेशर, कमर दर्द, घुटने दर्द, हर्निया, गैस, कब्ज, जोड़ों के दर्द, सर्वाइकल, थायराइड, बवासीर, आंखों के रोग, कान के रोग, किडनी स्टोन, लकवा आदि सहित अनेक प्रकार की बीमारियों का इलाज बिना दवाई के किया जाएगा। शिविर सुबह 9:30 बजे से 12:30 बजे तक शाम को 4 से 7:30 बजे तक 4 जनवरी तक डंडापुरा स्थित पूज्य सिंधी धर्मशाला में चलेगा।

### मेले में आने लगे झूले

**विदिशा।** विदिशा के ऐतिहासिक रामलीला मेले की शुरूआत में कुछ ही दिन शेष हैं। अभी गंजबासौदा मेला चल रहा हैं। वहां से व्यायापारी विदिशा मेले में अपनी दुकानें लगता हैं। वहीं बाहर से आने वाले व्यापारियों का मेले में आना शुरू हो गया है। मेले में झूले आना शुरू हो गए हैं। दुकानें भी तेयार हो रही हैं।

## लटेरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 4 लाख 50 हजार का मशरूका जब्त

# 60 लीटर कच्ची शराब के साथ सात बाइक जब्त, 2 बाइक चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लटेरी पुलिस ने चोरी की बाइक पर अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली थी की ग्राम मोहनपुर के आगे रास्ते पर दो व्यक्ति कच्ची शराब बेचने के लिए खड़े हैं।

मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी को अवगत कराया गया। सूचना की तस्दीक के लिए थाना लटेरी से टीम गठित कर घटना स्थल पर भेजी गई। जहां पर दो व्यक्ति गाड़ी पर शराब बेचते हुए मिले। पुलिस को देखकर हड़बड़ी में भागने लगे। जिन्हें फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिनसे पूछताछ करने पर अपना नाम राजकुमार पिता फूलसिंह भील उम्र 21 साल निवासी ग्राम कानवा मनोहर थाना राजस्थान एवं सोनू उर्फ भूरिया पिता हटेसिंह भील उम्र 20 साल निवासी पाटन जामनेर जिला गुना का होना बताया। जिनके कब्जे से चार प्लास्टिक की केन में कच्ची शराब जब्त की गई। आरोपियों के पास मौजूद नीले रंग की स्प्लेंडर प्रो एमपी 40 एमएम 7316 का रजिस्ट्रेशन मांगा गया। चोरों ने बाइक को एक महीने पहले लटेरी से चोरी होना बताया।

दोनों आरोपियों से चार प्लास्टिक की केन में 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। वहीं बाइक को भी जब्त कर लिया गया है। दोनों आरोपियों को थाने लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ में लटेरी से कई बाइक चोरी की बात चोरों ने कबूल कीं। इसके बाद पुलिस ने चोरों से सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने बताया की दोनों आरोपियों द्वारा शिव मंदिर के पास आरामशीन के पीछे लटेरी से पूर्व में एक बाइक टीवीएस स्टार एमपी 40 एमयू 4057 चोरी करना बताया।




लटेरी। पुलिस ने कच्ची शराब बेचने वाले आरोपियों को दबोचकर सख्ती से पूछताछ की तो कई गाड़ी चोरी कबूल कीं।


### सख्ती से पूछताछ में पांच बाइक उगलीं

पुलिस ने आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने 5 अन्य बाइक चोरी करना कबूला। आरोपियों से कुल 7 बाइक कीमती करीबन 4 लाख पचास हजार रुपए का मशरूका जब्त किया गया। आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ के लिए दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड लिया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है। आरोपियों को पकड़ने में निरीक्षक बलवीर सिंह गौर, उप निरीक्षक अनिल राय, प्रधान आरक्षक विपिन यादव, आरक्षक नन्नूलाल, जयसिंह, आशीष रावत, रामू ओझा, सैनिक नंदकिशोर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उठाया पानी का मुद्दा

**हैदरगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान खिरिया जागीर ग्राम पंचायत के हाईस्कूल के विद्यार्थियों ने पानी की समस्या को उजागर किया। कार्यक्रम में मौजूद नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन को ज्ञापन देकर पानी की मांग की है। विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत कोलुआ धामनोद पहुंची। जहां केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जनहितैषी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। वहीं जो पात्र हितग्राही केंद्र सरकार की योजनाओं से वंचित थे उन सभी के आवेदन कार्यक्रम में लिए गए। सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी मंच के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए । कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं शासकीय कर्मचारी अधिकारी सहित मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र एवं ग्रामीण जन काफी संख्या में मौजूद रहे। उल्लेखनीय है की पानी की समस्या होने के कारण स्कूली छात्र छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## प्रत्येक ग्राम पंचायत के विकास को गारंटी हमारी: मुकेश टंडन



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत सुआखेड़ी एवं अटारी खेजड़ा में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें स्वास्थ्य विभाग,आजीविका मिशन, कृषि विभाग, महिला बाल विकास आदि द्वारा स्टॉल भी लगाए गए। लाभार्थियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना गैस कनेक्शन दिए।

मंच पर भाजपा के जन प्रतिनिधियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जनहितेशी योजनाओं की जानकारी दी। नवनिर्वाचित विधायक मुकेश टंडन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश की गरीब जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, हमारे बीच में मोदी की गारंटी का रथ आया है जो पूरे विधानसभा क्षेत्र में घूम रहा हैं केंद्र सरकार ने विगत वर्षों से जनता के हित में जो काम किए हैं इसी को लेकर देशभर में विकसित भारत यात्रा निकाली जा रही है। साथ ही सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए जल्द ही विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन बनवाए जाएंगे। जरूरत अनुसार गौशालाएं भी बनवाई जाएंगी। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा, तोरणसिंह दांगी, जिला उपाध्यक्ष अरविन्द श्रीवास्तव, जनपद अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि बृजेश लोधी, मंडल अध्यक्ष प्रतीक कंग, छत्रपाल शर्मा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सचिन यादव, रामेश्वर किरार, जगदीश दांगी, सरपंच हल्के दांगी आदि मौजूद रहे।

### हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरों पर हुआ प्रशिक्षण आयोजित

**विदिशा।** आयुष मिशन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के परिपालन में जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर देवखजूरी, खमतला, मसूदपुर, पीकलोंन, पिपराहा, मुगलसराय व खड़ेर में आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदाय किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ जन प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में आयुष योजनाओं की आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य एवं आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का उद्देश्य और उपलब्ध सेवाओं और आयुष औषधीय का महत्व और अन्य मूलभूत जानकारियां, आहार का महत्व दिनचर्या ऋतुचर्या एवं गर्भणी की मासानुमासिक परिचर्या की जानकारी आयुष के लिए उपयुक्त रेफरल की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में औषधिय पौधे की जानकारी और घरेलू मसाले आदि का सामान्य बीमारियों में उपयोग के बारे में बताया गया।

## सहरिया परिवारों के पुर्नत्थान में कोई चूक न हो: कलेक्टर

**विदिशा।** कलेक्टर ने जिले में शुरू हो रहे पीएम जनमन मिशन के तहत गठित जिला स्तरीय अंर्तविभागीय अभिसरण समिति की बैठक कर निर्देश दिए हैं। कलेक्टर भार्गव ने कहा कि केन्द्र सरकार की प्राथमिकता वाले उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की चूक विभागों के माध्यम से न हो। अन्यथा संबंधित विभाग के जिलाधिकारी की जिम्मेदारी होगी। गाइड लाइन के अनुसार जिले के सहरिया जनजाति बाहुल्य गांवों में निर्धारित मापदण्डों के अनुसार कार्य कराए जाने हैं। इसके लिए जिला स्तरीय नोडल विभाग (जनजातीय कार्य विभाग) के द्वारा सर्वे कराया जा चुका है। जिले में 262 गांव सहरिया आबादी बाहुल्य के चिन्हांकित हुए हैं। इन गांव में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के कार्यों का संपादन किया जाना है। प्रत्येक गांव में 11 महत्वपूर्ण बुनियादी सुविधाओं पर मिशन का ध्यान केन्द्रित रहेगा। जिसका शत प्रतिशत लाभ दिलाए जाना सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर श्री भार्गव ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को बैठक में निर्देश दिए है कि सहरिया जनजाति वर्ग के लोगों को जाति प्रमाण पत्र प्राप्ति में किसी भी प्रकार के अवरोध उत्पन्न न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा की प्रमाण पत्र जारी करने के मामलो में उदारता का ध्यान रखा जाए। हरेक परिवार को बीपीएल, आयुष्मान कार्ड जारी होंगे।

## वंदे मातरम की धुन पर 12 मिनट तक एक साथ तबला वादन किया

# विश्व तबला वादन समारोह में केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने रिकॉर्ड बनाया

50 से अधिक शहरों से आए 1282 तबला वादक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

तानसेन समारोह के अंतर्गत आयोजित ताल दरबार में निर्मित विश्व रिकॉर्ड में केंद्रीय विद्यालय विदिशा के विद्यार्थियों ने समा बांधा।

तानसेन समारोह के अवसर पर 25 दिसंबर को आयोजित ताल दरबार के भव्य सामूहिक तबला वादन कार्यक्रम में देशभर के 50 से अधिक शहरों से पधारे 1282 तबला वादकों ने वंदे मातरम की सुमधुर धुन पर 12 मिनट तक समवेत रूप से एक साथ तबला वादन प्रस्तुत किया। विश्व के सबसे बड़े सामूहिक तबला वादन का विश्व रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में मध्यप्रदेश के नाम दर्ज करवा दिया। वैभवशाली कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय विदिशा के तीन विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

देश की इस गौरवशाली उपलब्धि में दक्षेस गौर, कृष्णा सक्सेना हार्दिक करोची ने अहम भूमिका निभाई। केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्य गीता भदोरिया ने अपने विद्यालय के बच्चों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विद्यालय की संगीत शिक्षिका प्रियंका मिश्रा के माध्यम से यह विद्यार्थी इस भव्य आयोजन में शामिल हुए थे।



### कैबिनेट मंत्री राजपूत का जगह-जगह स्वागत



**कस्बा बागरोद।** मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का भोपाल से सागर जाते समय जगह जगह स्वागत किया। इसी क्रम मे ग्राम बागरोद में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। गौरतलब है कि मंत्री पद की शपथ लेने के बाद पहली बार गोविंद सिंह अपनी विधानसभा सुर्खी में पहुंचे है। स्वागत में भाजपा वरिष्ठ नेता शैलेंद्र श्रीवास्तव निवोदिया, जनपद सदस्य अनिल शर्मा, वरिष्ठ नेता त्रिलोक सिंह दांगी, कैलाश नारायण विश्वकर्मा, कमलसिंह पटेल, अमित कुशमिया, कृष्णकांत कुर्मी, अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर चिड़ार मौजूद रहे।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3440
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2322
उच्चतम भाव-3066
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-2340
चना
न्यूनतम भाव-4610
उच्चतम भाव-5490
मसूर
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-5870
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-4695
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4565
उच्चतम भाव-4565
सरसों
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-5300
उड़द
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-6580
धान
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-4210
ज्वार
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-6790

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 5791 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## जैन समाज ने दिया आवेदन, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर किया गिरफ्तार

# जैन मुनियों पर अभद्र टिप्पणी करने पर जैन समाज में आक्रोश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को स्थानीय नेहरू चौक के पास दोपहर के समय आहार कर लौट रहे दिगंबर जैन मुनियों पर दो ऑटो चालक युवकों द्वारा अभद्र टिप्पणी करने से जैन समाज में आक्रोश व्याप्त हो गया। इसके बाद जैन समाज के लोग एकत्रित होकर सिटी पुलिस थाने पहुंचे जहां सिटी थाना प्रभारी संजीव चौकसे के नाम एक शिकायती आवेदन दिया एवं एसडीओपी मनोज मिश्रा से मिलकर उक्त घटना पर आक्रोश व्यक्त किया। जिस पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

जैन समाज के सतीश जैन मंत्री ने बताया कि महावीर विहार में मुनि समय सागर महाराज के साथ 22 दिगंबर जैन साधुओं का संघ रुका हुआ है। शनिवार को नेहरू चौक पर दोपहर 12 बजे जब मुनि श्री आहारचर्या कर वापस लौट रहे थे। तभी दो व्यक्ति ऑटो में उत्पात मचा रहे थे। उन्होंने जैन मुनियों पर अभद्र टिप्पणी की। जिसके बाद समाज में आक्रोश उत्पन्न हो गया। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार कर लिया। युवकों की गिरफ्तारी के बाद जैन समाज का आक्रोश शांत हुआ। पुलिस ने बताया कि दोनों युवकों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि नगर में जैन समाज के मुनियों के ठहरने के लिए महावीर विहार बना हुआ है। जिसमें आसपास के क्षेत्र से विहार कर रहे जैन मुनि एवं साध्वियां कुछ समय विश्राम करते हैं। जबकि कई जैन मुनि संघ, माता जी एवं साध्वी संघ का नियमित चातुर्मास भी होता है। नगर में सभी समाज के लोगों में सामाजिक सौहार्द्रता की भावना है और लोग एक दूसरे के समाजों के धर्मगुरूओं का सम्मान करते हैं। शनिवार को कुछ आसामाजिक तत्वों द्वारा की गई इस अभद्रता का अन्य समाज के लोगों ने भी विरोध एवं निंदा करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की अपील की है, ताकि ऐसी हरकत दोबारा न हो।

## एक जनवरी से शुरू होगा विहिप का गृह संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होना है। इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देशभर के हिंदू समाज को जोड़ने के लिए विश्व हिन्दू परिषद देशभर में 1 जनवरी से 15 जनवरी के मध्य अक्षत वितरण अभियान चलायेगी। जिसके माध्यम से ग्राम ग्राम तक प्रत्येक हिन्दू परिवार में जाकर अयोध्या के पूजित अक्षत, प्रस्तावित राम मंदिर का चित्र और पत्रक दिये जायेंगे और हिंदू समाज से प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन 22 जनवरी को अपने घर में साज सज्जा करने, रंगोली बनाने, भगवा ध्वज लगाने तथा रात्रि में दीप जलाने का आग्रह करेंगे। साथ ही अपने पड़ोस के मंदिर को अयोध्या की तरह मानकर वहां प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखने एवं मंदिर में रामधुन, भजन कीर्तन इत्यादि करने का भी आग्रह करेंगे। अभियान के जिला संयोजक अभिषेक शर्मा ने बताया कि इस अभियान के निमित्त पूर्व से ही व्यापक तैयारियां की जा चुकी हैं, ग्राम स्तर तक समितियां बनाई जा चुकी हैं। 1 जनवरी को देशभर में एकसाथ सभी स्थानों पर इस अभियान का शुभारंभ हो जायेगा। जिस तरह निधि समर्पण अभियान के समय हिंदू समाज से धनराशि का राम के प्रति समर्पण कराया था ठीक उसी प्रकार अब हिंदू समाज को राम के मंदिर का आमंत्रण सौंपा जायेगा और उनसे आग्रह किया जाएगा कि 22 जनवरी को अपने पड़ोस के मंदिर में उत्सव मनायें और जनवरी के बाद अनुकूलता होने पर रामलला के दर्शन करने सपरिवार जा सकते हैं।

## साधु जीवन भर सेवा के लिए जीता है : महंत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के जवाहरलाल नेहरु बीएड कालेज में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के शुभारंभ अवसर पर वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज ने कहा कि साधु जीवन भर सेवा के लिए जीता है। शिविर में स्वयं सेवक सेवा का कार्य करेंगे, यानी वे साधुता का पहला चरण पूरा करेंगे। क्योंकि साधु जीवन भर सेवा करता है। सेवा से स्वयं को कष्ट हो सकता है लेकिन साधु परमार्थ के लिए जीते हैं।

इस शिविर में हम परिवार, समाज, देश, परिवार, स्वच्छता, पर्यावरण के लिए सेवा करे। आप जो भी है, जिस पद पर हो, ईमानदारी से काम करे तो ही सेवा है। निस्वार्थ भाव से कर्तव्य भाव से किए काम ही राष्ट्र सेवा है। इस अवसर पर संस्था डायरेक्टर केएस यादव ने स्वयंसेवकों से अपने आसपास के पर्यावरण, आसपास के वातावरण की स्वच्छता का ध्यान रखने का संदेश दिया। प्राचार्य उमेशचंद्र यादव ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। स्वयंसेवक ऐवन विश्वकर्मा ने पर्यावरण बचाओ गीत प्रस्तुत कर प्रेरित किया। रेलवे कर्मचारी दिव्यांश भावसार, बालक ईकाई कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण पाल सिंह चौहान, बालिका इकाई प्रभारी रजनी गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल, मनोज श्रीवास्तव गोविंद कुशवाह ने अपने अनुभव साझा किए। शिविर का शुभारंभ एनएसएस की प्रक्रिया अन्तर्गत रोल काल आयोजित कर ध्वज स्थापित कर किया गया।

## बैठक में दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को ट्रक संचालक, बस संचालक और डीजे संचालकों की एसडीएम विजय राय द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी को दिशा निर्देश दिए गए। डीजे ध्वनि की कितनी मात्रा में बजाना है इसके दिशा निर्देश दिए। साथ ही कहा गया कि सभी अपने दस्तावेज पूर्ण रखें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। एक परमिट पर अगर ज्यादा बस चलती पाई गई तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसडीओपी, सिटी थाना टीआई संजीव चौकसे एवं देहात थाना टीआई हरिकिशन लोहिया, यातायात प्रभारी आशीष राय सहित बडी संख्या में बस, ट्रक एवं डीजे संचालक मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### नवनिर्वाचित कैबिनेट मंत्री का किया स्वागत



**गंजबासौदा।** शनिवार को बागरोद चौराहा के पास महादेव रेस्टोरेंट पर नवनिर्वाचित कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का स्वागत कस्बा बागरोद के कैलाश नारायण विश्वकर्मा के नेतृव्य में एवं त्योंदा के राजू अहिरवार, लखन अहिरवार, राहुल अहिरवार के द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

### जनपद में नवनिर्वाचित विधायक का होगा स्वागत

**गंजबासौदा।** जनपद पंचायत कार्यालय द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मंगलवार को नवनिर्वाचित विधायक हरिसिंह रघुवंशी का अभिनंदन एवं स्वागत समारोह कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से किया जा रहा है। जिसमें जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे।

## प्रथम फॉलोअप शिविर का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वाधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा 18 दिसंबर को हुए मोतियाबिंद के ऑपरेशन के पश्चात समिति के अध्यक्ष कांतिभाई शाह के निर्देशानुसार शनिवार को हितकारिणी धर्मशाला में प्रथम फॉलोअप शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ से आये डॉक्टर तमन्ना श्रीवास्तव, डॉ रविंद्र रघुवंशी, डॉ राम बहादुर ने 156 नेत्र रोगियों में से 131 नेत्र रोगियों की पुनः जांच कर निशुल्क दवाइयां देकर समझाइश दी गई। इस अवसर पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के सचिव सुरेश कुमार तनवानी, राम गोपाल गुप्ता, प्रकाश माहेश्वरी, रामबाबू दुबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। इन नेत्र रोगियों का द्वितीय फॉलोअप शिविर 29 जनवरी को लगाया जाएगा। समिति के सचिव सुरेश तनवानी ने बताया कि अगला नेत्र शिविर का कैंप 22 जनवरी को हितकारिणी धर्मशाला में लगाया जाएगा। नेत्र रोगियों से इस कैंप का लाभ लेने के लिए अपील की गई है।

### विद्युत ट्रांसफार्मर फटा

**गंजबासौदा।** शनिवार को मंशापूर्ण हनुमान मंदिर के पास एक विद्युत ट्रांसफार्मर अचानक फट गया। जिसके तेज धमाके से आसपास के रहवासियों में भय की स्थिति निर्मित हो गई। यह तो गनीमत रही कि विद्युत ट्रांसफार्मर के फटने पर उससे निकले गर्म तेल की चपेट में कोई राहगीर और रहवासी नहीं आया। नहीं तो कोई भी गंभीर हादसा हो सकता था।



## कॉलेज चलो अभियान के तहत प्रवेश लेने विद्यार्थियों को किया गया प्रेरित

**गंज बासौदा।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मणि मोहन मेहता के मार्गदर्शन में कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत 12वीं पास विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश के लिए शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल, सीएम राइज हायर सेकेण्डरी स्कूल राजेन्द्र नगर के प्राचार्य एवं छात्रों से संपर्क किया गया। स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर सत्र प्रक्रिया के लिए कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र, छात्राओं को प्रवेश प्रक्रिया संबधित तथा महाविद्यालय में संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं, नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 नई शिक्षा नई उडान एवं कला वर्ग, बीएससी बायो और गणित,कम्प्यूटर साइंस की जानकारी अभिषेक सिंह, मनीष दुबे द्वारा प्रदान की गई। छात्र, छात्राओं को अवगत कराया गया कि अपने साथियों एवं परिचितों को प्रवेश प्रक्रिया के बारे में अवगत कराये ताकि शासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होकर प्रवेश ले और योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।




## सहायक शिक्षक की सेवानिवृत्ति पर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




शनिवार को शासकीय माध्यमिक शाला चौरावर में मोहनलाल शर्मा सहायक शिक्षक का सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया। शासकीय शाला चौरावर में मोहनलाल शर्मा का 18 वर्ष का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा। इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए एवं अपनी ओर से मोहन लाल शर्मा को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जनशिक्षा केंद्र प्रभारी ओमप्रकाश रघुवंशी, शाला प्रभारी संजीव रघुवंशी, शिक्षक चंद्रभान शर्मा, गुलाबबाई अहिरवार, राजाराम अहिरवार, अनिल शर्मा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेश अहिरवार, मोहनलाल शर्मा के परिवारजन, स्कूली छात्र-छात्राएं और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## वेदांत आश्रम में 1 से 15 जनवरी तक होगा आयोजन

# श्रीराम कथा व शतचंडी महायज्ञ के लिए कलश यात्रा आज





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेदांत आश्रम में 1 जनवरी से पंद्रह दिवसीय श्रीराम कथा व शतचंडी महायज्ञ के लिए विशाल व भव्य कलश यात्रा रविवार को सुबह 11 बजे स्थानीय हितकारणी धर्मशाला से निकाली जाएगी। यह यात्रा रेलवे स्टेशन, सुभाष चौक, नेहरू चौक, आंबेडकर चौक, जय स्तंभ चौक, त्योंदा रोड होती हुई मुख्य मार्गों से वेदांत आश्रम तक निकाली जायेगी। पंद्रह दिवसीय महोत्सव में वेदांत आश्रम के संस्थापक द्वाराचार्य काशी पीठाधीश्वर डॉक्टर रामकमल दास वेदांती महाराज के श्रीमुख से परामकथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। जिसके लिए वेदांती महाराज का रविवार को सुबह नगर आगमन हो रहा है और उनके ही पुनीत सानिध्य में विशाल व भव्य कलश यात्रा आयोजित होगी।

कलश यात्रा के लिए नगर में जगह जगह स्वागत की तैयारी की गई है। अनेक जगह स्वागत द्वार लगाए गए हैं, भव्य कलश यात्रा के लिए बैंड बाजे, डीजे, घोड़े बग्गी की भी तैयारी की गई है, साथ ही वेदांत आश्रम सहित काशी व वृंदावन से पधारे बटुक महाराज भी बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति से यात्रा को शोभायमान करेंगे। वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज ने बताया की आश्रम के संस्थापक द्वाराचार्य वेदांती महाराज प्रतिवर्ष क्षेत्र की उन्नति सुख शांति समृद्धि के लिए कथा व महायज्ञ वेदांत आश्रम में करते हैं। उसी क्रम में पंद्रह दिवसीय कार्यक्रम 1 जनवरी से आयोजित हो रहा है, जिसके लिए भव्य कलश यात्रा भी मुख्य मार्गों से निकाली जायेगी। हरिहर दास ने बताया की भव्य आयोजन के लिए आश्रम में विशाल पंडाल भी लगाया गया है और विशाल मेले का भी आयोजन किया जायेगा। वेदांत आश्रम व आयोजन समिति ने सभी नगरवासियों व धर्मप्रेमी बंधुओं से धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की है। साथ ही हरिहर दास महाराज ने बताया कि शतचंडी यज्ञ के लिए काशी से विशेष पुजारी यज्ञ आचार्य पधारे हुए हैं। प्रतिदिन कथा का सीधा प्रसारण दोपहर 12 बजे से आस्था भजन चैनल पर किया जायेगा। श्रीराम कथा में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुगणों से शामिल होने की अपील की गई है।

### रामकिशन नेमा का निधन



**गंजबासौदा।** स्वर्गीय प्रेम नारायण, रमेश नेमा के छोटे भाई एवं कंछेदी लाल, मोहन, कैलाश, दीपक नेमा के बड़े भाई एवं स्वर्गीय उमाशंकर, दिनेश, नरेश, बृजेश, दीपक, नरेंद्र, संजय, राजेश, संतोष एवं रितेश के चाचा रामकिशन नेमा का स्वर्गवास हो गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास स्थान कृष्णापुरा, हनुमान चौक से शनिवार को दोपहर के समय पारासरी विश्राम घाट को निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## नवांकुर के रासेयो शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा






राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर विद्यापीठ के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शनिवार को समारोह पूर्वक समापन हुआ। अंतिम दिन का कार्यक्रम सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह के रूप में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी जीपी राठी, विशेष अतिथि विकासखंणड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कपिल तिवारी, नवांकुर विद्यापीठ को भूमि दान करने वाले नवांकुर के भामाशाह कैलाश रघुवंशी, एसके सैनी, नागरिक सेवा समिति के सदस्य गण राधे श्याम साहू एवं जैन मिलन समिति के महामंत्री सतीश जैन मंत्री तथा नवांकुर विद्यापीठ के अध्यक्ष डॉक्टर एसएन गौर, विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित ने अतिथियों के स्वागत में भाषण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवक छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। नवांकुर के भामाशाह कैलाश रघुवंशी का इस दौरान सम्मान किया गया। सर्दी के मौसम में नागरिक सेवा समिति की ओर से ग्रामीण जनों को कंबल वितरित किए गए और ग्रामीण बच्चों को पोशाक वितरण के साथ शिक्षा का अलख जगाने के लिए सतीश जैन मंत्री की ओर से पुस्तकों तथा अध्ययन सामग्री का वितरण भी किया गया। छात्र आदित्य प्रजापति, छात्रा प्रज्ञा सक्सेना ने कार्यक्रम का संचालन और बालिका इकाई प्रभारी मेघा शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### दर्जनों बेघर परिवारों ने तहसील कार्यालय पहुंकर सौंपा ज्ञापन : अतिक्रमण विरोधी मुहिम से बेघर हुए नागरिकों ने कहा-

# 'साहब! सिरोंज में रेलवे स्टेशन होता तो मूंगफली बेचकर ही परिवार चला लेते'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

प्रशासन द्वारा चलाई जा रही अतिक्रमण मुहिम में बेघर हुए दर्जनो परिवारों ने शनिवार को आम आदमी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष रजत सक्सेना के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

उक्त ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सिरोंज में सौंदर्यीकरण के नाम पर लोगों को बेरोजगार एवं बेघर कर सौंदर्यीकरण पर कुछ विशेष प्रशासन का ध्यान आकर्षण नही है। हमारे नगर में आज तक किसी प्रकार का सौंदर्यीकरण नहीं हुआ। लगातार कई समाजसेवी द्वारा नगरपालिका एवं तहसील स्तरीय आवेदन विभिन्न प्रकार के संगठन एवं विभिन्न पार्टियों द्वारा दिया जा चुके है। लेकिन कोई कार्यवाही एवं सौंदर्यीकरण संभव न हो सका, जैसे की प्रथम नगर का रिंग रोड जो कि बड़े वाहनों की यातायात में आ जाने की ओर नगर में जाम की स्थति नहीं बनती जो कि अब बहुत ज्यादा हो गई है दूसरे प्राचीन तालाब का विषय चर्चा में रहा है, जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। साथ ही नगर को बहुत खूबसूरती प्रदान करता, प्रशासन की इस ओर निगाह बिलकुल भी नहीं जा रही है, तीसरा विषय नगर सिरोंज की प्राचीन नदी केथन नदी एवं धार्मिक भावनाओं से जुडी नदी 3.50 करोड के लगभग इसी सरकार में बीजेपी नगर पालिका कार्यकाल मे सौंदर्यीकरण के लिए कई अनेक कार्य पास हुए लेकिन अभी तक कोई कार्य में सौंदर्यता को नहीं दर्शाता गया।

जागरूक नागरिक इस विषय को निरंतर उठाते रहे हैं और कहां कहां सौंदर्यीकरण कार्य हुए है यह तो प्रशासन बहुत अच्छे तरह से जानता होगा लेकिन प्रशासन अभी जिस नेता के कहने से चल रहा है वास्तविकता से प्रशासन चाह कर भी परिचित नहीं होना चाहता। अब अतिक्रमण द्वारा बेरोजगारी की बात करे तो पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी चंद्रमोहन ठाकुर एवं प्रशासन द्वारा नया बस स्टैंड पर अपनी गुमठी रख रोजी रोटी चलाने के लिए जगह दी गई थी लेकिन प्रशासन ने दोबारा उन लोगों की रोजी रोटी छीन ली गई, उनकी पूरी दुकान हटा दी। अगर प्रशासन वाकई सौंदर्यीकरण करना चाहता है तो नगर के लोग स्वागत करने में कभी पीछे नहीं हटते ओर प्रशासन का भी भरपूर सहयोग भी किया। लेकिन जिन लोगों को बेरोजगार किया है कम से कम उन लोगों को इस जगह पर बनने वाले कॉम्प्लेक्स में बनने वाली दुकानों में कम कीमत एवं छोटी दुकान बनाकर उनको प्राथमिकता दी जाए जिससे वह अपना व्यापार कर घर चला सकें।



### *साहब, वैसे ही तो रोजगार नहीं है ऊपर से घर भी टूट गया*

*स्थानीय प्रशासन द्वारा जो अतिक्रमण मुहिम चलाई जा रही है और घरो को तोडने की कार्यवाही की जा रही है। उस पर प्रशासन को गंभीर विचार करना चाहिए की अभी तक जो लोग अतिकमण करते रहे कच्चे से पक्के घर बना लिए जब से प्रशासन मौन क्यों था। ऐसा भी नहीं है कि पहले प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की मुहीम नहीं चलाई हो लेकिन सिर्फ खाना पूर्ति कर चले जाना आज दोनो पक्ष को भारी पड रहा है इधर मकान मालिक को जिसने जीवन भर की महनत और पसीने की कमाई से मकान को बना लिया। दूसरी ओर प्रशासन द्वारा कर्मचारियों का समय एवं सरकारी पैसा खर्चा बडी संख्या में दिखाई दे रहा है ओर अगर पहले ही कुछ सुदर्यता का कार्य हो जाता तो यह बडी हानि का सामना नहीं करना पड़ता। प्रशासन द्वारा अब जो तोड फोड सौंदर्यीकरण के के नाम पर की जा रही है। शहर को सुंदर बनाया जाए एवं सौंदर्यीकरण का कार्य प्राथमिकता से किया जाए।*

### तेजस समाज सेवा समिति ने लगाए गंभीर आरोप, सौंपा ज्ञापन, की जांच की मांग

# कागजों में चल रही शासन की महत्वपूर्ण योजना जन अभियान परिषद न तो कोई कार्यालय और न ही ब्लॉक समन्वयक का कोई ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज




सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाली स्वैच्छिक संस्थाएं समितियां एवं जन अभियान परिषद के द्वारा बनाई गई प्रस्फुटन समिति और नवांकुर संस्थाओं के लिए विकासखंड स्तर पर शासन के उद्देश्यों को लेकर सिरोंज ब्लॉक में पदस्थ ब्लॉक समन्वयक चरण सिंह दांगी को लेकर काफी अव्यवस्थाए और गंभीर आरोप लगाए गए है। इस संबध में एसडीएम कार्यालय सिरोंज में एक ज्ञापन भी दिया गया।

#### आखिर क्या है नवांकुर संस्था

शासन ने ग्रामीण क्षेत्रो में सामाजिक कार्य व समाजसेवा करने के लिए प्रस्फुटन समिति व नवांकुर संस्थाओं का गठन किया था। शासन का उद्देश्य है कि यह संस्थाएं शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करके ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिला सके एवं ग्रामीण क्षेत्रो में चल रही कुत्तियों एवं अन्य योजनाओं को सफल क्रियान्वयन करने के लिए 80 प्रस्फुटन समिति वर्तमान में काम कर रही है। लेकिन इनकी संख्या 103 है और लगभग 23 समितियां कार्य नही कर रही है। इन समितियों को शासन द्वारा समय-समय पर राशि भेजी जाती है। इसी तरह 5 नवांकुर संस्थाओ में से सिर्फ 4 संस्थाए काम कर रही है। शासन भी इन समितिओं को ग्रामीण क्षेत्रो में कार्य करने के लिए अच्छी खासी राशि दी जाती है।

#### कोई कार्यालय न कोई ठिकाना

जन अभियान परिषद शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है। कलेक्टर के आदेश के अनुसार उक्त योजना का कार्यालय जनपद पंचायत सिरोंज में होना चाहिए था। लेकिन प्रतिनिधि ने जनपद पंचायत में जाकर दूढा तो वह कार्यालय ही नही मिला। ग्रामीण क्षेत्रो के युवा इस समिति से जुडना चाहते है और ग्रामीण क्षेत्रो में अपनी सेवाए भी देना चाहते है लेकिन वह सिरोंज में पदस्थ समन्वयक को देखते रहते है लेकिन उनसे मुलाकात भी नही हो पाती है। इस कारण इस योजना से कई युवा जुड नही पाते।

#### प्रस्फुटन समिति व नवांकुर समितियां चल रही कागजों में

सिरोंज ब्लॉक में 80 प्रस्फुटन समितियां व चार नवांकुर संस्थाए चल रही है लेकिन इनके गतिविधियों की मॉनिटिंग नही की जाती। सिरोंज में पदस्थ समन्वयक चरण सिंह दांगी सिरोंज में नही रहने के कारण ग्रामीण क्षेत्रो में पहुच नही पाते इस कारण यह समितियां कागजो के अलावा धरातल पर बिल्कुल ही दिखाई नही देती।

#### 8 वर्षों से पदस्थ है ब्लॉक समन्वयक

जन अभियान के ब्लॉक समन्वयक चरण सिंह दांगी लगभग 8 वर्षो से पदस्थ है ओर समय समय समिति के पदाधिकारियों ने इनकी कार्यप्रणाली को लेकर कई आरोप प्रत्यारोप लगाए है। उन आरोपो की आज तक जांच नही होने के कारण प्रशासन पर तरह तरह की संखाए लग रही है। उक्त समितियों द्वारा शासन की योजनाओं में प्रचार-प्रसार एवं कार्यक्रमों में दिखाई नही देती।



#### निष्पक्ष जांच होना चाहिए

ब्लॉक समन्वयक चरण सिंह दांगी पिछले 7-8 वर्षो से सिरोंज में पदस्थ है। लेकिन सिरोंज में इनका कोई कार्यालय नही है और न ही यह ग्रामीण क्षेत्रो के किसी भी युवा से मिलते है। अक्सर युवा इन्हे दूढते रहते है जो इनके ऊपर गंभीर आरोप है उसकी निष्पक्ष जांच होना चाहिए। जिससे कि शासन की योजनाओं का सही तरह से क्रियान्वयन हो और योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्रो के युवाओं को मिल सके।

**मोहन रघुवंशी,** अध्यक्ष, तेजस समाज सेवा समिति सबदलपुर ताल

जनपद पंचायत में हमारा कार्यालय है यदि मेरे ऊपर कोई आरोप है तो वह गलत है इसकी जांच कराने के लिए में तैयार हूं।

**चरण सिंह दांगी,** ब्लॉक समन्वयक,जन अभियान परिषद

#### *ब्लॉक समन्वयक के विरोध में सौंपा ज्ञापन*

*तेजस समाज सेवा समिति सवदलपुर ताल के अध्यक्ष मोहन रघुवंशी ने एसडीएम कार्यालय में एक ज्ञापन सौपतें हुए बताया कि सिरोंज में विकासखंड समन्वयक चरण सिंह दांगी पिछले 6 वर्ष से भी अधिक समय से सिरोंज में पदस्थ हैं लेकिन आज दिनांक तक उन्होंने अपना कार्यालय किसी शासकीय भवन में स्थापित नहीं किया और ना ही सामाजिक संस्थाओं से समन्वय बनाने का काम सिरोंज में किया कुछ इस तरह के आरोप जन अभियान परिषद में नवांकुर संस्था के रूप में कार्यरत संस्था तेजस समाज सेवा समिति ने एक शिकायती पत्र अनुविभागीय अधिकारी सिरोंज के नाम देकर लगाये है। सामाजिक संस्था तेजस समाज सेवा समिति ने अनुवीभागीय अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में जन अभियान परिषद के कार्यालय स्थापित न करने के साथ ही कार्यालय उपयोग में आने वाली उपकरणों एवं सामग्री को निजी उपयोग में लेने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही प्रस्फुटन समितियां को मिलने वाली 5000 की राशि में से तकरीबन 2000 की राशि विकासखंड समन्वयक द्वारा बोर्ड के नाम पर समितियां से वसूली गई एवं समितियां को बोर्ड उपलब्ध नहीं करवाए गए। विकासखंड समन्वयक द्वारा फर्जी तरीके से फील्ड विजिट बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू कक्षाओं का संचालन एवं त्रैमासिक मासिक बैठकों के बिलों के भुगतान का भी मुद्दा उठाकर जांच करने का अनुरोध एसडीएम सिरोंज से किया है।*



## पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने क्षेत्र के सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

**सागर।** पूर्व मंत्री व खुरई विधानसभा क्षेत्र से विधायक भूपेन्द्र सिंह ने आज अपने बामोरा स्थित कार्यालय में खुरई विधानसभा क्षेत्र की सभी नगरीय निकायों के सीएमओ व अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने सभी अधिकारियों से क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी ली और सभी कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ समय सीमा में संपादित करने के निर्देश दिए। विधायक सिंह ने खुरई नगरपालिका व मालथौन, बरोदिया कलां व बांदरी नगर परिषदों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान जनहितैषी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं पात्र हितग्राहियों को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ शीघ्र प्रदान किए जाने के दिशा निर्देश दिए और कहा कि एक भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने सभी वार्डों की स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति जैसी सभी नागरिक सुविधाओं को पूर्ण दक्षता के साथ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी सार्वजनिक स्थलों आडिटोरियम, पार्कों, स्ट्रीट लाइटों, मशीनों, वाहनों आदि के समुचित रखरखाव के निर्देश दिए। बैठक में खुरई नपा सीएमओ दुर्गेश सिंह, बांदरी नप सीएमओ राजेश मेहतेले, मालथौन नप सीएमओ संजय समुद्रे व बरोदिया कलां नप सीएमओ संजय श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## शराब पार्टी में हुआ विवाद युवक की कुल्हाड़ी से हत्या

### दलित परिवार में मनाया जा रहा था जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली/खरगोन



कस्बा खरगोन में टीटी नगर मोहल्ला में लाल सिंह उम्र 27 वर्ष पुत्र मंगल सिंह की उसी ग्राम के 3 लोगों ने कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद तीनों फरार हो गए। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

मृतक लाल सिंह के जहां जन्मदिन का कार्यक्रम था। रात में हल्कोरी मृतक को घर से बुलाकर ले गया। जीरावाड़ा मार्ग पर सभी की शराब पार्टी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। हमले में कुल्हाड़ी से गर्दन और हाथ पर वार किए जिससे युवक लाल सिंह की मृत्यु हो गई। घटना के बाद से हल्कोरी, प्रीतम हरिजन, संतोष फरार हो गए। जिनको पुलिस तलाश कर रही है। मृतक के छोटे-छोटे बच्चे है। जन्मदिन की खुशिया मातम में बदल गई परिवार में भारी शोक छाया हुआ है। मृतक लाल सिंह के बड़े भाई नारायण सिंह ने थाने पहुंचकर उसके परिवार और भाई के साथ हुई घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके आधार पर पुलिस ने 3 नामजद लोगों के विरूद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया। उप निरीक्षक थाना बरेली सुखदेव भालेकर ने बताया की खरगोन में रात्रि में कुछ लोगों के बीच शराब पार्टी के दौरान विवाद हुआ था। कुल्हाड़ी से वार करने से लाल सिंह की मृत्यु हो गई। धारा 302 का प्रकरण दर्ज कर जांच और फरार हत्या के आरोपियों की जांच की जा रही है।

## अवैध मदिरा के 3 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए

**सागर।** आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के 3 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। अवैध शराब के विनिर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कलेक्टर दीपक आर्य के आदेशानुसार एवं सहायक आबकारी आयुक्त दीपक अवस्थी के निर्देशन में अवैध शराब बिक्री की सूचना पर सागर शहर में सदर क्षेत्रांतर्गत विविध स्थलों पर दबिश दी गई। दबिश दौरान 3 स्थानों से कुल 50 पाव लाल बादशाह व्हिस्की, 47 पाव सागर गोल्ड व्हिस्की, एवं 58 पाव देशी मदिरा प्लेन जब्त की जाकर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत 3 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये एवं कार्यवाही निरंतर जारी है।

### नए वर्ष के उपलक्ष्य में एक जनवरी को खरगोन में होगा कवि सम्मेलन

**बरेली/खरगोन।** धार्मिक साहित्यिक सांस्कृतिक आयोजन उत्सव समिति द्वारा नये वर्ष 2024 के आगमन स्वागत में एक जनवरी की रात्रि खरगोन के मेन मार्केट में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसकी संस्था द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। नए वर्ष के उपलक्ष में आयोजित विराट हास्य कवि सम्मेलन में पं. अशोक नागर शाजापुर, सबरस मुरसानी हाथरस, भूपेन्द्र राठौर कोटा राजस्थान, आचार्य सफर जोनपुरी जोनपुर, साबिया असर भोपाल, सरिता सरोज नागपुर, कुशाली बाल कवियत्री, मनीष गोस्वामी, देवी जैन, प्रेमनारायण साहू बरेली द्वारा अपनी रचनाओं का पाठ किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी काव्य प्रेमियों से एक जनवरी सोमवार की रात्रि में खरगौन पधारने और हास्य कवि सम्मेलन में सम्मिलित होने की अपील की है।

## लीजेंड क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ आज होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

लीजेंड प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-02 की आज से शुरुआत हो रही है। आयोजन मैजर ध्यानचंद खेल मैदान पर होगा। इस बार टूर्नामेंट मे कुरवाई रायल्स, कुरवाई सनराइजर्स, कुरवाई सुपरकिंग्स, कुरवाई फ्यूचर पिलर वारियर्स, कुरवाई टाइटंस एवं कुरवाई चेलेंजर्स 6 टीमें भाग लेंगी। इनके कप्तान कसरवर पटेल, संदीप सप्रे, साबिर बाबा,अजय श्रीवास्तव, कप्तान सिंह राणा, जहीर उद्दीन को बनाया गया है। जो खिलाड़ी क्रिकेट खेलना छोड़ चुके हैं या 35 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं इस टूर्नामेंट का हिस्सा होंगे। नगर के क्रिकेट प्रेमियों द्वारा यह आयोजन पुराने एवं नये खिलाड़ियों को एक प्लेटफार्म पर एकत्रित करने का प्रयास है जिससे खेलों को बढ़ावा दिया जा सके। टूर्नामेंट का शुभारंभ विधायक एवं टूर्नामेंट के संरक्षक हरि सिंह सप्रे द्वारा दोपहर 11बजे किया जाएगा। आयोजन समिति में कमिश्नर इलयास मो., जनरल सेक्रेटरी अंकित सप्रे, कार्डिनेटर शाकिर अली, कार्डिनेटर सुभाष शर्मा एवं सदस्य प्रमोद चौहान, सत्यम राजपूत, मोनु रघुवंशी, अभिषेक राजपूत को बनाया गया है।

टूर्नामेंट के जनरल सेक्रेटरी अंकित सप्रे ने बताया कि प्रथम पुरस्कार 11001 रु.निखलेश सक्सेना राजेन्द्र सक्सेना मेमोरियल स्कूल द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 7001/ रु. शुभम राजपूत एवं रोहित शर्मा द्वारा, तृतीय पुरस्कार 5001/रु. उज्वेंद्र सिंह चौहान भौंरासा द्वारा एवं चतुर्थ पुरस्कार 2501/रु. अयाज मंसूरी द्वारा एवं इनकी ट्राफियां मेन आफ दी सीरीज, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, गेंदबाज,फील्डर सभी पुरुस्कार अजय श्रीवास्तव फ्यूचर पिलर स्कूल द्वारा दिए जा रहे हैं। प्रतिभागियों को सम्मान चिन्ह राजीव पेंदसे होटल कलश बीना,मो. आमिर द्वारा टूर्नामेंट का लीजेंड पुरस्कार फरहान काजी इजहार ट्रेडर्स द्वारा दिया जाएगा।

### 2047 तक भारत होगा विकसितः मीणा

विदिशा। विकसित भारत संकल्प यात्रा में विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत घोघरा में विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने पहुंचकर ग्रामीणों को 2047 तक विकसित राष्ट्र की शपथ दिलाई उन्होंने कहा की हमारे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मोदी देश की 80 करोड़ जनसंख्या को मुफ्त अनाज दे रहे हैं। केंद्र सरकार की लगभग 57 प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं उनका लाभ पात्र हितग्राहियों को दिया जा रहा है। घोघरा के सरपंच भाव सिंह कुशवाह द्वारा विधायक सूर्य प्रकाश मीणा सहित सभी अतिथियों का शॉल श्री फल से स्वागत किया गया। गांव के खेल प्रेमी बच्चों ने खेल मैदान के लिए विधायक को आवेदन दिया। जिस पर विधायक मीणा ने तहसीलदार और पटवारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों को खेल मैदान उपलब्ध कराएं। बच्चों को खेल सामग्री भी जल्द ही विधायक निधि आने के बाद दी जाएगी। गांव में पेयजल की लाइन फूटने पर जल निगम के कर्मचारियों को बुलाकर नलों की समस्या को शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। छात्राओं ने ग्राम में दसवीं तक स्कूल की मांग की।

## संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा शोक़ संवेदना व्यक्त करने पहुंचे




**कुरवाई।** पूर्व कृषि फार्म मैनेजर कुरवाई तथा सेवा निवृत सहायक संचालक कृषि, समाजसेवी गुरमुख सिंह जाट का विगत दिनों निधन हो गया था। उनके बड़े पुत्र अजय सिंह जाट उद्योगपति और छोटे पुत्र विजय सिंह जाट भाजपा नेता पुत्रवधू भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री एवं पुत्री अनामिका सिंह जाट बिहार बीजेपी में प्रवक्ता है। शनिवार को मध्य प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा श्रद्धांजलि पुष्प अर्पित एवं शोकाकुल परिवार को संवेदना व्यक्त करने कुरवाई स्थित जाट हाउस पहुंचे। इस दौरान उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सोनी, पूर्व विधायक श्यामलाल पंथी, शासकीय महाविद्यालय जन भागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष भरत सिंह दांगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष सैनी, विधानसभा प्रभारी विनोद जैन, पूर्व मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष हरि सिंह चौहान, पूर्व नपा उपाध्यक्ष संदीप सप्रे, जनपद सदस्य दीपचंद सप्रे, रवि शंकर पंथी, पूर्व पार्षद रजनीश साहू, ओम प्रकाश आर्य, वरुण चौबे आकाश राजपूत आदि मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री ने फोरलेन पर बस रोककर की जांच

### यातायात नियमों का उल्लंघन होने पर होगी सख्त कार्रवाई: राज्यमंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

विगत दिनों गुना में हुए बस हादसे में लोगो की असमय दर्दनाक मौत होने से प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार सक्रिय और सख्त हो गई है। प्रदेश के राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल ने भोपाल की ओर जा रही यात्री बस को फोरलेन-45 पर रोका, यात्रियों से उनका हाल चाल जाना चर्चा की। राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल शिवाजी पटैल ने चालक, परिचालक से चर्चा की बीमा, फिटनेश इत्यादि की जांच की। यात्री बस चालक को तेज गति से बस न चलाने, यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी। कहा कि गुना जैसी दुर्घटना और यात्रियों के जीवन से खिलवाड़ की अब कोई घटना न हो। पटेल ने कहा कि सभी दस्तावेज और बस को कम्पलीट रखे। यातायात नियमों का पालन न करने, लापरवाही करने वालों के विरूद्ध निरंतर जांच कार्रवाई के निर्देश दिए।



यात्री बस का निरीक्षण के दौरान बस

### मानस मंडल सम्मेलन समिति की बैठक आज

बरेली। दशकों से नगर एवं क्षेत्र में श्रीरामकथा के प्रचार प्रसार एवं प्रतिवर्ष मानस सम्मेलन, कथा आयोजन करने वाली संस्था मानस मंडल एवं मानस सम्मेलन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज रविवार को मानस सत्संग भवन में रखी गई है। बैठक में 26 जनवरी से 1 फरवरी 2024 तक होने वाली गरूण पुराण कथा आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी। महामण्डलेश्वर प्रख्यात कथा व्यास पू. ब्रम्हचारी जी की अध्यक्षता में आज होने वाली बैठक में मानस मंडल एवं सम्मेलन समिति का पुर्नगठन किया जाएगा। सदस्यों से रविवार को 11 बजे मानस सत्संग भवन पहुंचने की अपील की है।

### पूर्व मंत्री शैजवार और रामपाल से मिले पटेल

**बरेली।** दशकों तक रायसेन जिले की राजनीति और भाजपा की सरकारों में मंत्री रहे डॉ. गोरीशंकर शैजवार एवं ठा. रामपाल सिंह राजपूत से उनके निवास पहुंच कर डॉ. मोहन यादव सरकार में राज्यमंत्री बने नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने सौजन्य भेंट की। दोनों पूर्व मंत्रियों ने नरेन्द्र शिवाजी पटेल को शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। राज्यमंत्री पटेल ने दो पूर्व वरिष्ठ मंत्रियों से आशीर्वाद लिया और जिला क्षेत्र के विकास के लिए मार्गदर्शन भी चाहा। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में रायसेन जिले में विकास की नई इबारत लिखने के लिए अनुभव रूपी आशीर्वाद और मार्गदर्शन जरूरी है।



### अनुशासन के माध्यम से ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं, शिक्षा के साथ खेल आवश्यक : सांसद सिंह

सागर। अनुशासन के माध्यम से ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं, शिक्षा के साथ खेल आवश्यक उक्त विचार सांसद राज बहादुर सिंह ने जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान सागर में आयोजित जोन स्तरीय डाइट खेलकूद एवं साहित्यिक प्रतियोगिता 2023 के समापन अवसर पर व्यक्त किए। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य जय सिंह बरखड़े, शिक्षक अखिलेश पाठक, ए पी सिंह प्रवीण गौतम, सुश्री रविकांत जैन सहित अन्य शिक्षक छात्राएं मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### छात्र-छात्राओं को कराया गया औद्योगिक भ्रमण

**सिलवानी।** विद्यार्थियो को किताबी ज्ञान के अतिरिक्त कला, हुनर व संस्कृति का ज्ञान कराए जाने को लेकर स्कलो में कार्यक्रम आयेजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थियो को औद्योगिक भ्रमण कराया गया। सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिलवानी में संचालित नवीन व्यवसायिक शिक्षा योजना, स्टार प्रोजेक्ट के अंतर्गत संचालित ट्रेड आईटी, आईटीआईटीईस एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर के कक्षा 9वी एवं 10वीं के छात्र छात्राओं को थाना सिलवानी जिला रायसेन में औद्योगिक भ्रमण व्यवसायिक शिक्षक प्रशिक्षक आकाश चौरसिया एवं अमित रघुवंशी द्वारा कराया गया। जिसमें थाना सिलवानी के थाना प्रभारी डीपी सिंह द्वारा बच्चों को थाने का भ्रमण कराया एवं क्राइम से संबंधित जानकारी, साइबर क्राइम, बाल शोषण, महिला सशक्तिकरण, बाल सुधार, ट्रैफिक नियम एवं पुलिस विभाग में किस प्रकार युवा करियर बना सकते हैं एवं किसी प्रकार का शोषण हो रहा है या किसी प्रकार का कोई क्राइम की जानकारी थाने तक कैसे पहुंचा सकते हैं ये जानकारी दी। भ्रमण में 80 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### उत्साह से मनाया पंकज श्रीवास्तव का जन्मदिन

**बाड़ी।** शनिवार को पंकज श्रीवास्तव के जन्मदिन पर लोगों ने उन्हें बधाई दी। उनके जन्मदिन पर उनके समर्थकों ने अपनी बधाई संदेश में कहा कि निष्ठा समर्पण के साथ जनता की सेवा का संकल्प लेने के बाद अपने लोगों के मददगार भी रहे और जनता के दुख सुख में खड़े रहे संगठन को मजबूती प्रदान कर उन्होंने युवाओं की बड़ी लंबी फौज खड़ी कर दी। आज युवा वर्ग उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। आज राजनीति में विश्वास का संकट खड़ा हो गया है। संगठन शक्ति है संगठन से ही व्यक्ति की पहचान होती है उसके व्यक्तित्व में निखार आता है। इसी मार्ग पर चलने का संकल्प लिया है। पंकज श्रीवास्तव का जन्मदिन उनके साथी मना रहे हैं। श्रीवास्तव ने उनके जन्मदिन पर शुभचिंतकों द्वारा रखे गए आयोजन और अटूट प्यार पर सभी का आभार व्यक्त किया है।

### प्रतियोगिताः वॉलीबॉल में उपविजेता रहा रायसेन

**सिलवानी।** 10 बी स्कूल स्टेट एजुकेशन डिपार्टमेंट स्पोर्ट्स 2023 संभागीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता शासकीय एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विदिशा में आयोजित हुई। उक्त प्रतियोगिता में रायसेन जिले की टीम कप्तान अरविंद जरारिया खेल शिक्षक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बरेली के नेतृत्व में सीएम राइज विद्यालय सिलवानी के शिक्षक खिलाड़ी गजेंद्र रघुवंशी, विजय कुमार सोनी उच्च माध्यमिक शिक्षक एवं खिलाड़ी राम कुमार राय, पवन रघुवंशी, प्रभात सैनी ने रायसेन जिले की टीम में सम्मिलित होकर अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला राजगढ़ की टीम को हराकर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर उपविजेता का खिताव हासिल किया। उक्त प्रतियोगिता में विजेता जिला विदिशा रहा। उपरोक्त खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता जो कि सीहोर में संपन्न होगी उसमें शामिल होगे।

## हादसों का बना डर, विभाग नहीं करता कार्रवाई

# नाबालिग दौड़ा रहे तेज रफ्तार से वाहन, ताक पर रखे नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में यातायात नियमों का हर दिन उल्लंघन हो रहा है। यह नजारा मात्र नगर के व्यस्ततम क्षेत्र बजरंग चौराहा व गांधी चौक का नही है। बल्कि नगर की गलियों में भी है जहां स्टाइलिश बाइक पर युवा रेसिंग लगाकर अपनी जान के साथ साथ आमजनता को भी मुसीबत में झोंक रहे है।

वाहनों की बेलगाम गति और नाबालिग 12 से 16 वर्ष के बच्चे दोपहिया पर तीन, चार सवारी के साथ लापरवाही पूर्वक वाहन दौड़ा रहे है। इतना ही नहीं नगर में सैकड़ों वाहन तो ऐसे भी है जिनकी नंबर प्लेटों पर नंबर तक अंकित नहीं है जबकि स्टाइलिश बाइक पर नियम के विरूद्ध नंबर लिखवाए गए है। खास बात यह है कि इन सभी स्थितियों से संबंधित विभागों के आला अफसर भी भली-भांति परिचित है, किन्तु यातायात नियमों को तोड़ने वालों पर कोई कठोर कार्रवाही नहीं की जा रही है। लिहाजा नियमों के उल्लंघन का सिलसिला खुलेआम होते देखा जा सकता है।


फाइल फोटो

### जोखिम बना सफर

नगर में यातायात नियम का उल्लंघन किस कदर किया जा रहा है इसका उदाहरण सागर, बरेली, उदयपुरा मार्ग पर ओवर लोड भागते यात्री वाहनों को देखकर आसानी पूर्वक लगाया जा सकता है। नियम और क्षमता के विपरीत यात्रियों को बैठाकर चालक मुसाफिरों के लिए सफर जोखिम बना देते है। स्थिति तो कई बार ऐसी भी देखी जाती है जब चालक तीन से चार यात्रियों को वाहन के पायदान पर लटकाकर उनकी जान से खिलवाड़ करते नजर आते है। वाहन चालकों द्वारा यात्री वाहनों में क्षमता से कई अधिक सवारियां बिठाकर उनकी जान के साथ भी खेल रहे है, लेकिन इन से अनभिज्ञ बना बैठा परिवहन एवं यातायात विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता है। बस वसूली करना होती है तो सड़कों पर कार्रवाई करते दिख जाते है, लेकिन इन्हें लोगों की जान खतरे में डाल कर संचालित कर रहे वाहन चालकों से कोई लेना देना नहीं है।

### बाइक की गति पर नहीं ब्रेक

युवाओं के हाथों में बाइक आते ही वे हवा से बातें करने लगते है यानि फैशन और दिखावे में युवा अंधाधुंध गति से वाहनों को चलाते है। मुख्य सड़क हो या ट्राफिक वाली जगह यहीं हाल नगर में देखने को मिलता है। इन हवाबाज चाल1कों में युवाओं से ज्यादा नाबालिग बगों की संख्या शामिल है जो स्टाइलिश वाहनों पर सवार होते ही गति पर नियंत्रण खो देते है। इससे कई बार आमजनता मुश्किलों में पड़ जाती है।



# मुश्काबाद व मुड़ियाखेड़ा रेलवे गेट पर ओवरब्रिज का काम किया प्रारंभ

## » लगभग 50 गांव के ग्रामीणों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

सांची जनपद के गांव मुश्काबाद एवं मुड़ियाखेड़ा रेलवे गेट पर ओवर ब्रिज का काम शुरू हो गया है। जिससे इन मार्गों पर पड़ने वाले लगभग 50 गांवों के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी।

बता दें कि भोपाल बीना तीसरी रेलवे ट्रैक के बाद ट्रेनों की संख्या के साथ उनके फेरे भी बढ़ गए हैं। कई बार रेलवे क्रासिंग बंद करनी पड़ती है। कभी-कभी तो तीनों ट्रैक पर पर ट्रेन आने के कारण एक से डेढ़ घंटे तक गेट बंद रहता है। इससे लोगों को खासी परेशानी होती है। जब कोई बीमार गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाने के लिए रेलवे गेट खुलने का इंतजार करना भारी पड़ता है।

रेलवे विभाग द्वारा लोगों को राहत देने की मंशा से भोपाल विदिशा के बीच मुश्काबाद और मुड़ियाखेड़ा रेलवे क्रासिंग गेट पर ओवरब्रिज बनाए जाने का काम शुरू हो गया है। ओवरब्रिज निर्माण से करीब 50 गांव के लोगों को आवागमन की सुविधा होगी।

### ओवरब्रिज शुरू होने से ग्रामीणों की होगी राह आसान

*कई वर्षों से स्थानीय रहवासी रेलवे ओवरब्रिज बनाने की मांग शासन प्रशासन से कर रहे थे। काफी समय बीत जाने के बाद अब कहीं जाकर रेलवे ओवरब्रिज का कार्य शुरू हो गया है। जिससे आसपास गांवो के ग्रामीणों को अब फाटक बंद होने के बाद इंतेजार नही करना पड़ेगा। कभी कभी तो अधिक ट्रेनें निकलने के कारण फाटक 1 घंटे तक बंद रहता है। जिससे आवश्यक कार्य से जा रहे ग्रामीणो को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों राहुल, अंकित, भगवान सिंह और पूरन पटेल ने ओवरब्रिज का निर्माण शुरू करने पर रेलवे का आभार व्यक्त किया है।*

# 108 कुण्डी शतचंडी महायज्ञ की व्यापक स्तर पर तैयारियां हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

भारकच्छ गडरवास नर्मदा के पावन तट पर ऐतिहासिक कार्यक्रम बनाने के लिए नगरवासी वानर से नाके रूप में संकल्प के रूप में आयोजन की तैयारी में जुट गए हैं। इस विशाल आयोजन में कलात्मक कला की अद्भुत नजारे देखने को मिलेंगे धार्मिक आयोजन में 108 कुंण्डी यज्ञशाला का निर्माण बड़े स्तर पर प्रारंभ हो गया। यज्ञशाला रूपरेखा तैयार की गई है यज्ञशाला निर्माण में नामी गामी कारीगर यज्ञशाला में अपनी कलात्मक कलां की प्रस्तुति करेंगे। इस निर्माण कार्य में 7 लाख से अधिक का यज्ञशाला निर्माण किया जाएगा। ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन के लिए काशी के विद्वानों



को बुलाया गया है। यज्ञ शाला में काशी के महान ज्ञानी विद्वानों को यज्ञ में आमंत्रित किया गया है।

वृंदावन की महान कलाकारों द्वारा रामलीला का आयोजन की प्रस्तुति की जाएगी जो आकर्षण का केंद्र बिंदु रहेगी। इस धार्मिक आयोजन में राम रसलीला भागवत पुराण कथा का वाचन किया जाएगा। इस आयोजन को धार्मिक मेले का स्वरूप दिया जा रहा है। विशाल धार्मिक आयोजन का आगाज 19 जनवरी को होगा, लेकिन तैयारी बड़े स्तर पर शुरू हो गई है। हमारे प्रतिनिधि ने धार्मिक आयोजन की जमीनी हकीकत का निरीक्षण किया उसकी कुछ प्रस्तुति हम आपके सामने परोस रहे हैं।

### 108 कुंण्डी शतचंडी महायज्ञ का कार्य प्रारंभ

यज्ञशाला का भाव रूप दिया जा रहा है लगभग 7 लाख खर्च का अनुमान है। कलाकारों द्वारा अपनी कला की प्रस्तुति दी जा रही है। इसमें ग्रामवासी और वानर सेना संकल्प के साथ कार्य कर रही है। वृंदावन की रासलीला विश्व प्रसिद्ध है इसका मंथन आपको देखने को मिलेगा।

# दीवानगंज क्षेत्र में 3 दिन में 32 लाख रुपए का माल चोरी कर रफूचक्कर हो गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

दीवानगंज क्षेत्र में चोरो के हौसले दिना दिन बुलंद होते जा रहे हैं। तीन दिन में लगभग 32 लाख का माल चोर चुरा कर रफू चक्कर हो गए हैं।

शुक्रवार को भोपाल विदिशा हाईवे 18 से सेमरा तक मार्ग पर बने टीन सेट में रखी लगभग 40 कुंडल धान को अज्ञात चोरों ने रात में भरकर गायब हो गए। सुबह जब खेत मालिक हल्कू लोधी पिता सुंदरलाल लोधी निवासी सेमरा अपने खेत पर पहुंचे तो उनको ताले टूटे हुए मिले। जब अंदर जाकर देखा तो रखी हुई धान में से लगभग 40 कुंडल धान गायब मिली।



हल्कू राम लोधी ने बताया कि मैने अपनी धान को निकाल कर सेमरा भोपाल विदिशा हाईवे 18 के नजदीक टीन सेट में भरकर रखी थी। एक ताला टीन सेट में लगाया था जबकि दूसरा ताला बाहर बने तार फेंसिंग के गेट में लगाया था। सुबह दोनों ताले टूटे मिले, ताले भी गायब है। जब मैंने जाकर देखा तो भरी हुई धान में से लगभग 40 कुंडल धान गायब मिली किसी अज्ञात चोरों द्वारा गाड़ी को लगाकर धान भरी गई है। क्योंकि बाहर तक धान पड़ी हुई थी।

इससे एक दिन पहले ही कर्क रेखा के पास बनी नहर से पानी की मोटर चोरी हुई थी। सेमरा निवासी महेश लोधी ने बताया कि कर्क रेखा के पास मेरी जमीन है, मैं रोज जाकर पास बनी नैहर से पानी देता हूं। गुरुवार रात को भी नहर के पास कर्क रेखा शर्मा फार्म हाउस से पानी की मोटर चोरी हो गई। जिसका आवेदन मैने शुक्रवार को दीवानगंज चौकी में दिया है।

जबकि दो दिन पहले ही जमुनिया खेजड़ा पर 3:15 हैवी ट्रांसफर को जैक द्वारा गिराकर उसमें से तेल और कॉपर की केबल चोरी हुई थी उसमें भी अज्ञात चोरों द्वारा लगभग 30 लाख रुपए का माल चोरी हुआ था।

इससे पहले भी दीवानगंज में कई चोरियां हो चुकी है। उनमें से इक्का दुक्का चोरी का ही खुलासा हो पाया है ज्यादातर चोरी का खुलासा आज तक नहीं हो पाया है।

## 10 डिग्री पर आया रात का तापमान

# घने कोहरे में डूबा रायसेन, सिर्फ 50 मीटर रही विजिबिलिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सर्द हवाओं के चलते शहर में सप्ताह भर से रात का तापमान 10 डिग्री से भी नीचे चल रहा है। बीते तीन दिन से आसमान में बादल छाए हैं, जिससे लोगों को राहत है। लेकिन रात में लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। वहीं न्यूनतम तापमान 10 डिग्री एवं अधिकतम 26 डिग्री दर्ज किया गया है।


वहीं शनिवार सुबह शहर में सीजन का दूसरा घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी 50 मीटर रह गई। वाहन चालकों को धीमी गति और हेड लाइट जलाकर चलना पड़ रहा है। हालांकि बादल छाने से दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बीती रात का तापमान 10.6 डिग्री दर्ज किया गया है। सुबह घने कोहरे के साथ ओसभी गिरी जिससे सड़कें गीली हो गई थी। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम बदल गया है। नए साल की शुरुआत बारिश के साथ होने की संभावना मौसम विभाग द्वारा जताई जा रही है।

मौसम जानकारों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, जिसके कारण बादल छाए रहेंगे अभी दो दिनों तक रात का तापमान ज्यादा कम नहीं होगा पर इसके बाद आसमान साफ होते ही तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे और ज्यादा ठंड बढ़ेगी।

**तापमान**

**10.6** सेल्सियस पर रात का पारा

**26.8** सेल्सियस पर दिन का पारा



### अगले 3-4 दिनों तक रहेगी कड़ाके की ठंड

*मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 15 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तरी हवा चलने से रात के समय ठिठुरन बढ़ गई है। वहीं दिन में भी कई शहरों में कोल्ड डे रहने के आसार हैं। मौसम का इस तरह का मिजाज अभी तीन-चार दिन तक बना रह सकता है। एक पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में पहुंच गया है। इसके प्रभाव से मौसम के मिजाज में और बदलाव आ सकता है।*

# श्रीराम भक्त हनुमान जी ने जलाई लंका, गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शनिवार श्रीरामलीला में लंका दहन के प्रसंग की लीला का मंचन किया। लीला के अनुसार भगवान राम की सेना जामवंत सहित लंका में जाने के लिए विचार विमर्श करते हैं, इस दौरान जामवंत ने श्री हनुमान जी से कहा कि आप ही हैं जो कि इस लंका को पार कर सकते हैं आप जाइए और माता सीता का पता लगाइए।

इस प्रकार से जामवंत के वचन सुनकर हनुमान जी लंका में प्रवेश करने के लिए चल देते हैं। जब लंका के द्वार पर हनुमान जी पहुंचते है तो देखते हैं रावण की लंका के द्वार पर बड़े-बड़े राक्षस पहरेदार खड़े हुए हैं परंतु वह नींद में होते हैं इसी दौरान हनुमान जी लंका के भीतर प्रवेश कर जाते हैं। हनुमान जी अशोक वाटिका की ओर चल देते हैं, वह माता सीता से भेंट करते है। हनुमान जी अपना परिचय देते हुए कहते हैं कि मैं भगवान राम का दूत हनुमान हूं और उन्होंने आपका पता लगाने के लिए मुझे लंका में भेजा है मैं अब आपको पाकर धन्य हो गया



हूं मां कहिए आप कैसी हैं मैं जाकर पूरा हाल प्रभु राम जी को बताऊंगा। इस दौरान हनुमान जी पहचान के रूप में सोने की अंगूठी देते हैं जिस पर राम लिखा होता है तो माता सीता को पूरा विश्वास हो जाता है कि यह तो मेरे स्वामी राम के भक्त हनुमान है। लीला के अनुसार हनुमान ली रावण का पुत्र अक्षय कुमार को मार देते है और सोने की लंका में आग लगा देते है।

## पूर्व मंत्री रामपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई यात्रा

# ग्राम पंचायत साईंखेड़ा पहुंची 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सिलवानी विकासखंड की ग्राम पंचायत साईंखेड़ा, सिमरिया कला में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। ग्राम पंचायत साईंखेड़ा, सिमरिया कला में आईईसी वैन प्रचार रथ के पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों अधिकारियों द्वारा वैन पर तिलक लगाकर स्वागत किया। प्रत्येक जनपद की दो ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

साईंखेड़ा एवं सिमरिया कला में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौक़े पर भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला विशेष अतिथि के रुप में शामिल हुए। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि जनकल्याण




और विकास के क्षेत्र में देश व प्रदेश में ओर बेहतर कार्य हो तथा प्रत्येक ज़रूरतमंद शख़्स को शासन की योजनाओं का लाभ मिले, इस मक़सद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है।

यात्रा के माध्यम से जनकल्याण की योजनाओं और कार्यक्रमों का अधिक प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए प्रयास किया जा रहा है कि इन योजनाओं और कार्यक्रमों के लाभ से देश का कोई भी वर्ग वंचित न रहे।

कार्यक्रम को भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला ने भी संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुए कहा कि ऐसे पात्र नागरिक जो किसी कारणों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हैं।

उन्हें सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जाना इस यात्रा का प्रमुख मक़सद है। नागरिक सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन करें।